# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416

मो. : 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com


पत्रांक : ..................                                                                 दिनांक : 20.08.2016

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज जंगल धूसड़, गोरखपुर में छात्रसंघ चुनाव की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। चुनाव अधिकारी डॉ. प्रवीन्द्र कुमार शाही की अध्यक्षता में सम्पन्न आज बैठक चुनाव प्रक्रिया की समीक्षा की गई और सम्पूर्ण प्रक्रिया पर अन्तिम मुहर लगा दी गई। डॉ. शाही ने उक्त बैठक जानकारी देते हुए कहा कि 22 अगस्त को प्रतिनिधियों का चुनाव होगा। 22 अगस्त को ही अपरान्ह् 01 बजे से 4 बजे तक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री के लिए नामांकन किया जा सकेगा। 23 अगस्त को प्रातः 9 बजे 10.30 बजे तक पर्चे की वापसी तथा 10.30 से 11.30 तक पर्चो की जाँच की जाएगी। तत्पश्चात् 12.10 से योग्यता भाषण का आयोजन होगा। 24 अगस्त को प्रातः 9 बजे से मतदान प्रारम्भ होगा। मतदान के पश्चात् उसी दिन मतगणना तथा परिणाम घोषित कर दिये जायेगें।

डॉ. शाही ने कहा कि चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन होगा। चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व एवं पर्चा निरस्त कर दिया जायेगा। तीन मतदान केन्द्रो पर मतदान होगें। कला संकाय के मतदान केन्द्र के प्रभारी डॉ. विजय कुमार चौधरी, विज्ञान संकाय मतदान केन्द्र के प्रभारी डॉ. शिव कुमार बर्नवाल तथा वाणिज्य संकाय मतदान केन्द्र के प्रभारी डॉ. राजेश शुक्ल होगें। सभी मतदान केन्द्र प्रभारियों के साथ 6–6 सदस्यों की टीम होगी। महाविद्यालय के 100 मीटर के परिक्षेत्र में चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होगा। पूरे परिसर में चुनाव आचार संहिता पालन सुनिश्चित कराने का दायित्व मुख्य नियन्ता मण्डल का होगा।

(डॉ. प्रवीन्द्र कुमार शाही)

चुनाव अधिकारी